भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †1628

सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**प्रसाद योजना में भवनारायण स्वामी मंदिर और हस्तिनापुर को शामिल करना**

**†1628. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी:**

**श्री चंदन चौहान:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रसाद योजना के अंतर्गत विकास हेतु शामिल किए जाने के लिए चिन्हित किए गए स्थलों/स्मारकों का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त योजना के अंतर्गत भवनारायण स्वामी मंदिर और हस्तिनापुर को चिन्हित करने का प्रस्ताव है ताकि इसकी पर्यटन क्षमता और महत्व को बढ़ाया जा सके;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके लिए समय-सीमा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा क्या सरकार भवनारायण स्वामी मंदिर और हस्तिनापुर के पर्यटन महत्व को विकसित करने के प्रस्तावों पर विचार कर रही है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन मंत्रालय द्वारा 2014-15 में केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में 'तीर्थस्थल पुनरुद्धार और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन' (प्रसाद) की शुरूआत की गयी थी, जिसका उद्देश्य चिन्हित तीर्थ स्थलों का एकीकृत विकास करना था। इस योजना का उद्देश्य चिह्नित स्थलों पर तीर्थ/आध्यात्मिक पर्यटन अवसंरचना का विकास करना है। इस योजना के अंतर्गत विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है तथा इन्हें निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन तथा पूर्व में जारी निधियों के उपयोग के अध्यधीन स्वीकृति प्रदान की जाती है। पिछले 05 वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा तथा प्रसाद योजना के अंतर्गत विकास हेतु शामिल किए गए स्थलों/स्मारकों का राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) से (घ): भवनारायण स्वामी मंदिर और हस्तिनापुर के विकास से संबंधित प्रस्ताव पर इस समय पर्यटन मंत्रालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जा रहा है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय ने विभिन्न अवसंरचना विकास योजनाओं के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध-I**

श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी एवं श्री चंदन चौहान द्वारा प्रसाद योजना में भवनारायण स्वामी मंदिर और हस्तिनापुर को शामिल करने के संबंध में दिनांक 10.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1628 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद योजना के तहत विकास के लिए शामिल करने हेतु चिह्नित स्थलों/स्मारकों के विवरण के साथ पिछले 05 वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं का राज्यवार विवरण नीचे दिया गया है:-**

| | | | | | **करोड़ रु. में** |
|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** | **जारी राशि** |
| आंध्र प्रदेश | 1. | सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 | 13.69 |
| | 2. | तीर्थस्थल पर्यटन अन्नावरम मंदिर टाउन में अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | - |
| अरुणाचल प्रदेश | 3. | परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 | 31.02 |
| छत्तीसगढ़ | 4. | मां बमलेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 48.44 | 40.19 |
| गोवा | 5. | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 2024-25 | 16.46 | - |
| गुजरात | 6. | अंबाजी मंदिर में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 | 10.54 |
| हरियाणा | 7. | माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारा का विकास | 2019-20 | 48.53 | 34.68 |
| कर्नाटक | 8. | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.71 | 0.00 |
| मध्य प्रदेश | 9. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 34.73 |
| मेघालय | 10. | नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थस्थल सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.29 | 27.78 |
| मिजोरम | 11. | चिते वांग, जुआंगताई, रईक और आइजोल में तीर्थस्थल और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.89 | 13.18 |
| नागालैंड | 12. | जुन्हेबोटो में तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 | 15.45 |
| पंजाब | 13. | चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 | 17.49 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सिक्किम | 14. | फोर पैट्रन सैंट्स युकसोम में तीर्थस्थल सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 28.31 |
| तेलंगाना | 15. | जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास | 2020-21 | 38.90 | 33.07 |
| | 16. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थस्थल और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 | 32.73 |
| | 17. | भद्राचलम में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 | 8.43 |
| त्रिपुरा | 18. | त्रिपुर सुंदरी मंदिर का विकास | 2020-21 | 34.43 | 28.01 |
| उत्तराखंड | 19. | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थस्थल संबंधी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार | 2021-22 | 54.36 | 10.22 |

**पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के तहत चिह्नित परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:-**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परियोजना/विषय |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | वेदागिरी लक्ष्मी नरसिम्हास्वामी मंदिर, जिला नेल्लोर |
| 2 | बिहार | सिमरिया घाट, जिला बेगूसराय |
| 3 | बिहार | आमी मंदिर, जिला सारण |
| 4 | छत्तीसगढ़ | कुदरगढ़ मंदिर, जिला सूरजपुर |
| 5 | गुजरात | श्री नीलकंठ महादेव मंदिर, सुनक, जिला मेहसाणा |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | मां चिंतपूर्णी मंदिर, जिला ऊना |
| 7 | जम्मू और कश्मीर | उत्तरबेहनी और पुरमंडल, जिला सांबा |
| 8 | कर्नाटक | श्री रेणुका यल्लम्मा मंदिर, सौदत्ती, जिला बेलगावी |
| 9 | कर्नाटक | पापनाश मंदिर, जिला बीदर |
| 10 | मध्य प्रदेश | श्री पीतम्बरा पीठा, जिला दतिया |
| 11 | मध्य प्रदेश | शनिदेव मंदिर, जिला मुरैना |
| 12 | महाराष्ट्र | श्री घृष्णेश्वर शिवालय, जिला छत्रपति संभाजी नगर |
| 13 | महाराष्ट्र | तुलजापुर, जिला धाराशिव |
| 14 | महाराष्ट्र | श्री क्षेत्र राजूर, गणपति मंदिर, जिला जालना |
| 15 | मिजोरम | वांगछिया, जिला चम्फाई |
| 16 | ओडिशा | चौसठ योगिनी मंदिर, रानीपुर, झरियाल, जिला बलांगीर |
| 17 | ओडिशा | किचिंग में माँ किचकेश्वरी मंदिर, ज़िला मयूरभंज |
| 18 | पुडुचेरी | नवग्रह मंदिर- श्री धारबरण्येश्वर मंदिर और आध्यात्मिक पार्क, जिला कराईकल |
| 19 | पंजाब | दुर्गाना मंदिर, जिला अमृतसर |
| 20 | राजस्थान | श्री करणी माता मंदिर, जिला बीकानेर |
| 21 | राजस्थान | सूर्य मंदिर, बुधाहिता, जिला कोटा |
| 22 | राजस्थान | मालासेरी डूंगरी |
| 23 | तमिलनाडु | तमिलनाडु में 8 स्थानों पर नवगृह मंदिर<br>1. श्री कैलासनाथर मंदिर, थिन्गालूर, जिला तंजावुर<br>2. गुरु भगवान मंदिर, अलंगुडी, जिला तंजावुर |

| | | |
|---|---|---|
| | | 3. श्री नागनाथ मंदिर, थिरुनागेश्वरम, जिला तंजावुर<br>4. श्री सूर्यनार मंदिर, थिरुविदाईमारुथुर, सूर्यनार कोविल, जिला तंजावुर<br>5. श्री अग्निश्वरर मंदिर, कंजानूर, जिला तंजावुर<br>6. श्री वैथीश्वरन मंदिर, वैथीस्वरन कोविल, जिला मयिलादुथुराई<br>7. श्री नागनाथ स्वामी मंदिर, कीलापेरुमपल्लम, जिला मयिलादुथुराई<br>8. सुवेथारण्यश्वरर मंदिर, थिरुवेनकाडु, जिला मयिलादुथुराई |
| 24 | तेलंगाना | बालकमपेट, हैदराबाद जिले में देवी येल्लम्मा मंदिर |
| 25 | उत्तर प्रदेश | आदिगुरु शंकराचार्य, चौक, जिला लखनऊ द्वारा श्री काली मंदिर की स्थापना |
| 26 | उत्तर प्रदेश | ब्रज, जिला मथुरा के तीर्थस्थल |
| 27 | उत्तराखंड | टिमर्सियन महादेव (देवनाथ), जिला चमोली |

*****

**अनुबंध-।।**

श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी एवं श्री चंदन चौहान द्वारा प्रसाद योजना में भवनारायण स्वामी मंदिर और हस्तिनापुर को शामिल करने के संबंध में दिनांक 10.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1628 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**उत्तर प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | वाराणसी का विकास -चरण-I | 2015-16 | 18.73 |
| 2 | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 |
| 3 | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 |
| 4 | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 |
| 5 | वाराणसी का विकास - चरण-II | 2017-18 | 44.60 |
| 6 | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 |

**उत्तर प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत चिह्नित स्थलों की सूची**

| क्र. सं. | परियोजना |
|---|---|
| 1. | आदिगुरु शंकराचार्य, चौक, लखनऊ जिला द्वारा श्री काली मंदिर की स्थापना |
| 2. | ब्रज, जिला मथुरा के तीर्थस्थल |

**उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परिपथ का नाम/वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 |
| 2. | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास | 71.91 |
| 4. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अंबेडकरनगर-अलीगढ़-फतेहपुर- देवरिया-महोबा-सोनभद्र- चंदौली- मिश्रिख-भदोही का विकास। | 67.51 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किले (बांदा) - मगहर धाम (संत कबीर नगर) - चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुआ शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 36.65 |
| 6. | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 |
| 7. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास | 12.03 |
| 8. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 |

**उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 13.02 |
| 2 | नैमिषारण्य | वैदिक- वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.94 |

**उत्तर प्रदेश में एसएएससीआई के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची नीचे दी गई है:-**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश | 1. बटेश्वर जिला- आगरा का विकास | 74.05 |
| | | 2. एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास, श्रावस्ती | 80.24 |

**उत्तर प्रदेश में केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| 1 | वाराणसी/सारनाथ में (सारनाथ में धमेख स्तूप, सारनाथ में लालकन का मकबरा और बनारस में मान महल) स्मारकों पर प्रकाश व्यवस्था | 5.12 |
| 2 | वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों पर प्रकाश व्यवस्था -<br>1. दशाश्वमेध घाट से दरभंगा घाट (300 मीटर का फैलाव)<br>2. तुलसी मानस मंदिर<br>3. सारनाथ संग्रहालय | 2.93 |
| 3 | रायबरेली रेलवे स्टेशन | 4.44 |

*****